सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2025-2026

कक्षा-नवमीं **विषय- हिंदी** **कार्यपत्रिका-1**

1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखिए

"नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नग-पग तल में" कहकर जय शंकर प्रसाद ने नारी का सम्मान बढ़ाया है, परंतु वास्तविक जीवन में नारी को इतना सम्मान कभी नहीं मिला है। भारतीय समाज में प्राचीन काल में नारी की दशा बड़ी आदरणीय थी। पुरातन युग में यह सिद्धांत प्रचलित था कि जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवताओं का वास होता है, किंतु आज नारी की स्थिति ठीक उसके विपरीत है। वह अब केवल घर की आवश्यक सामग्री मात्र बनकर रह गई है। वह श्रद्धा के सुमन के स्थान पर जीवन की हाला बन गई है। राजा-महाराजाओं में पनपने वाली यह दहेज प्रथा की जोंक, आज मध्यम वर्ग को विशेष और सारे समाज को आक्रांत किए हुए है। पुरातन युग में जहाँ मध्यमवर्गीय गृहस्थ गोदान से काम चला लेता था, वह अब 'दान' न होकर 'अर्थ दंड' बन चुका है। जो दहेज पुरातन युग में कन्या पक्ष की कृतज्ञता का सूचक था, वह आज सामान्य गृहस्थों को नाकों चने चबवा रहा है। सच तो यह है कि दहेज की इस जोंक ने भारतीय समाज को चूस चूसकर खोखला कर दिया है। इसके कारण काफी क्षति उठानी पड़ रही है। इसके कारण ही धन लोलुपता बढ़ती जा रही है। इससे भारतीय समाज आर्थिक पतन की ओर अग्रसर हो रहा है। कर्जदारी और आर्थिक भ्रष्टाचारों को बढ़ावा मिल रहा है। बेमेल विवाह इसी का दुष्परिणाम है।

(i)'आदरणीय' से तात्पर्य है-

(क) आदर के योग्य (ख) प्रेम के योग्य (ग) धन के योग्य (घ) संपत्ति के योग्य

(ii) बेमेल विवाह किसका परिणाम है?

(क) दहेज प्रथा का (ख) आर्थिक पतन का (ग) भष्टाचार का (घ) गोदान का

(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A): दहेज के कारण धनलोलुपता बढ़ती जा रही है।

कारण (R): भारतीय समाज में नारी की दशा आदरणीय थी।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

(ख) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं। कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(iv) 'नारी तुम केवल श्रद्या हो, विश्वास रजत नग-पग तल में' प्रस्तुत पंक्ति नारी के प्रति जयशंकर प्रसाद के किस दृष्टिकोण को दर्शाती है?

(v) प्राचीन काल में वर पक्ष को कन्या पक्ष द्वारा दिया जाने वाला दहेज किसका सूचक था?

2.निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए-

(i) 'शब्द' किसे कहते हैं?

(ii) पद किसे कहते हैं?

(iii) शब्द कब तक शब्द रहता है?

(iv) 'लड़का' क्या है?

(v) वह दसवीं कक्षा में पढ़ती है। इस वाक्य में 'कक्षा' क्या है?